अमर उजाला
2-10-2024

जीएमएन के छात्रों ने किया श्रमदान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान किया। इसका नेतृत्व डॉ. राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के प्रति उनकी जिम्मेदारियां को समझाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता के फायदे बताते हुए कहा कि इससे हम स्वस्थ रहते हैं।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रो.सुजाता गोयल ने इस श्रमदान का सफलतापूर्वक संचालन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी आधार है। संवाद